Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Singh Shri Sitaram

an>

Title: Need to include Motihari and Sitamari districts of Bihar in the "Food for Work Programme".

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : अध्यक्ष जी, बिहार एक पिछड़ा राज्य है और उसमें मोतीहारी एक जिला है जहां से महात्मा गांधी जी ने आजादी की लड़ाई शुरू की थी और देश आजाद हुआ था। आज वह जिला बाढ़ से तबाह और परेशान है। बगल में ही दूसरा जिला सीतामढ़ी है जो मां जानकी का जन्म-स्थान है और वह जिला भी बाढ़ की विभीिका से पीड़ित है। इन जिलों में सरकार द्वारा चलाई जा रही फूड फॉर वर्क और सम ि वकास योजनाओं के न जुड़ने से मजदूरों के पास रोजगार नहीं है और मजदूर दूसरे राज्यों में काम के लिए पलायन कर रहे हैं, भाग रहे हैं। महोदय, मैं सरकार से आग्रह करुंगा कि फूड फॉर वर्क और सम विकास योजनाओं के अंतर्गत मोतीहारी, बेतिया, सीतामढ़ी और मधुबनी इलाकों को जोड़ने की कृपा करें।